# गंगा पुल परियोजना के तहत भूमि एवं आवास आवंटन की जांच होगी

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना: उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि गंगा पुल परियोजना के तहत भूमि एवं आवास आवंटन की जांच होगी और अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। संलिप्त विभागीय पदाधिकारियों की पहचान कर उन पर भी कार्रवाई होगी।



विजय कुमार सिन्हा

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा पुल परियोजना के तहत विस्थापितों के पुनर्वास के लिए विभाग द्वारा एक नीति बनायी गयी थी। इसके तहत विस्थापितों को गृह निर्माण के लिए जमीन आवंटित करने का प्रविधान था। यह व्यवस्था उन विस्थापितों के लिए थी, जिनके पास पटना या हाजीपुर में अपना घर नहीं है। इसके बाद बच गयी शेष जमीन को आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लोगों को अनुकंपा के आधार पर या फिर लाटरी पर देने का प्रविधान था।